


हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर


अनमोल वचन

अपने लक्ष्य के लिए जोशीले और जुनूनी बनिए..विश्वास रखिए, परिश्रम का फल सफलता हि है!


शुक्रवार 06 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 63 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


# राजगीर के अमेज़ वाटर वर्ल्ड हंगामा जोन में पूजा–अर्चना के साथ मस्ती का सीजन शुरू! एक टिकट पर दो फ्री, फ्री फूड के साथ मिलेगा धमाकेदार ऑफर

## 7 मार्च से पर्यटकों के लिए खुलेगा वॉटर पार्क, फ्री एंट्री ऑफर के साथ मौज ही मौज







**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, राजगीर, नालंदा।** गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही राजगीर के सिथौरा स्थित अमेज़ वाटर वर्ल्ड हंगामा जोन वॉटर पार्क एक बार फिर पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। वॉटर पार्क प्रबंधन द्वारा गुरुवार को विधिवत पूजा–अर्चना कर नए सीजन की शुरुआत की गई। इसके साथ ही पार्क को 07 मार्च से आम पर्यटकों के लिए खोलने की घोषणा की गई है। इस अवसर पर वॉटर पार्क के निदेशक आशीष कुमार जैन के साथ स्मृति जैन, मयंक जैन, अरुण कुमार जैन और सोनू कुमार सहित अन्य लोगों ने पूजा–अर्चना कर पार्क के सफल संचालन की कामना की। निदेशक आशीष कुमार जैन ने बताया कि 05 मार्च को पार्क में विधिवत पूजा–अर्चना की गई है, जिसके बाद 07 मार्च से वॉटर पार्क आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यटक प्रति व्यक्ति 500 रुपये का टिकट लेकर वॉटर पार्क में मौज–मस्ती का आनंद ले सकेंगे। साथ ही एक टिकट की खरीदारी पर एक फूड कूपन भी दिया जाएगा, जिससे उस दिन खाने–पीने की सुविधा पूरी तरह नि:शुल्क और अनलिमिटेड रहेगी।इसके अलावा पर्यटकों के लिए एक विशेष आकर्षक ऑफर भी रखा गया है। 07 मार्च से 10 मार्च तक एक टिकट खरीदने पर दो अतिरिक्त टिकट मुफ्त दिए जाएंगे, जिन्हें 15 मार्च से 30 अप्रैल के बीच कभी भी उपयोग किया जा सकेगा। इस तरह पर्यटक फ्री एंट्री और फ्री फूड के साथ वॉटर पार्क में भरपूर मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे। बताया जाता है कि सिथौरा स्थित अमेज़ वाटर वर्ल्ड हंगामा जोन पिछले कई वर्षों से नालंदा जिले के साथ–साथ आसपास के जिलों के लोगों के बीच खासा लोकप्रिय रहा है। यहां मौजूद भव्य और विशाल मानव निर्मित वॉटरफॉल पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र है, जो लोगों को प्राकृतिक झरने जैसा अनुभव प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान निक्की कुमारी, संजुक्ता कुमारी, कुमार रुचिन, रतन कुमार, मनोज कुमार सिंह, करोल सिंह, गौतम कुमार, मदन मोहन सिंह, सुनील कुमार सिंह, पंकज कुमार, नेहा कुमारी, मधु कुमारी, रिंकी कुमारी और सोनम कुमारी समेत कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# राजगीर स्थित अमेज वॉटर वर्ल्ड हंगामा जोन पार्क सिथौरा में होली मिलन आयोजित, कर्मियों के बीच बाँटी गई मिठाइयाँ

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट, राजगीर, (नालंदा)।** होली पर्व के अवसर पर अमेज़ वाटर वर्ल्ड हंगामा जोन , सिथौरा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वॉटर पार्क परिसर में रंग–गुलाल और आपसी भाईचारे के माहौल के बीच सभी ने मिलकर होली की खुशियां मनाईं। समारोह में वॉटर पार्क के निदेशक आशीष कुमार जैन, अरुण कुमार जैन, सोनू कुमार जैन, स्मृति जैन तथा मयंक जैन समेत कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान वॉटर पार्क के सभी कर्मियों ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक आशीष कुमार जैन ने सभी कर्मचारियों और उपस्थित लोगों को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों के बीच मिठाइयों का वितरण कर आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया।



इस अवसर पर रतन कुमार, निक्की कुमारी, संजुक्ता कुमारी, कुमार रुचिन, मनोज कुमार सिंह, करोल सिंह, गौतम कुमार, मदन मोहन सिंह, सुनील कुमार सिंह, पंकज कुमार, मधु कुमारी, नेहा कुमारी, रिंकी कुमारी, सोनम कुमारी, विकास कुमार, गोपाल कुमार, संजय पांडे, अंकित कुमार, महेश कुमार, गीता कुमारी और सुजीत उपाध्याय समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

बताया जाता है कि राजगीर स्थित अमेज़ वाटर वर्ल्ड हंगामा जोन पिछले कई वर्षों से नालंदा जिले के साथ–साथ आसपास के जिलों नवादा, शेखपुरा, पटना, जहानाबाद और गया के लोगों के बीच अपनी खास पहचान बना चुका है। यहां लोग परिवार और दोस्तों के साथ सुरक्षित वातावरण में मनोरंजन और मौज–मस्ती का आनंद लेते हैं। होली मिलन समारोह के साथ ही वॉटर पार्क के दोबारा शुरू होने की तैयारी भी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।





# बिहार में अतिथियों को देवता की तरह पूजने की रही है परंपरा श्रवण कुमार, माघ पूजा में शामिल हुए 140 बौद्ध भिक्षु

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।।** वेणुवन में आयोजित 17वें विश्व माघ पूजा में कई देशों से आये हुए बौद्ध भिक्षुओं ने भाग लिया। वेणुवन भगवान बुद्ध का प्रिय स्थल रहा था। राजा बिम्बिसार ने भगवान बुद्ध को यह बागीचा दान में दिया था। वेणुवन को बांस का जंगल भी कहा जाता है। यह धम्म व विनय स्थल है। माघ पूजा में मंगलवार को शामिल होते हुए ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में अतिथियों को देवता के समान पूजने की परंपरा रही है। बुद्ध के रास्ते पर चलकर ही करुणा, मैत्री, प्रेम व भाईचारे को आगे बढ़ाया जा सकता है। सूबे की सरकार ने बौद्ध सर्किटों का विकास किया है। नालंदा की धरती का दस हजार साल से भी ज्यादा पुराना इतिहास रहा है। नालंदा पूरी दुनिया को ज्ञान की रोशनी दिया करता था। उसे फिर से विश्व में कायम करने के लिए ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा नालंदा में नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वेणुवन में भगवान बुद्ध ने पांच बार वर्षावास किया। उनका यह सबसे प्रिय स्थल रहा है। थाईलैंड के भिक्षु आर्यवंग्सो की सहयोग व प्रेरणा से यहां पर विश्व माघ पूजा हो रही है।बौद्ध भिक्षु आर्यवंग्सो ने कहा कि बुद्ध के बताये पंचशील सिद्धांत को अपनाकर जीवन को सफल बनाया जा सकता है। वेणुवन का काफी महत्व है। इस पूजा में विभिन्न 15 बौद्ध मठों के मठाधीश तथा थाईलैंड के 140 सदस्यीय बौद्ध भिक्षु शामिल हुए। बौद्ध मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण धार्मिक हो गया। संयोजक डॉ. जर्नादन उपाध्याय ने बताया कि आज के दिन का बौद्ध साहित्य में काफी महत्वपूर्ण स्थान है। इसमें विशिष्ट अतिथि सासंद कौशलेंद्र कुमार के अलावा थाईलैंड की पूर्व मंत्री लेडी सुभद्रा, थाईलैंड स्थित बैंकांक के थम्मसात विश्वविद्यालय के प्रो डॉ. नितिकांत, थ. ाईलैंड की पूर्व राजदूत सुचित्रा, थाईलैंड के उद्योगपतियों में रोजना वानिच्य व सुरापोल ने माघ पूजा को लेकर अपनी राय प्रकट किए। इस अवसर पर डॉ. जर्नादन उपाध्याय, सर्वजीत उपासक, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू नगर अध्यक्ष राकेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।




# सीएम नीतीश कुमार ने राज्यसभा में के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद उनके गांव कल्याण बीघा में निशांत कुमार को कमान सौंपने की हो रही मांग



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** रंगों के उत्सव होली के बीच बिहार की राजनीति में एक बार फिर भारी उथल–पुथल हो गया है। सियासी गलियारों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर लंबे दोनों से हो रही चर्चा पर विराम लग गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल्द ही बिहार की कमान छोड़कर दिल्ली की ओर रवाना होने वाले हैं। क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिग्गज नेताओं के साथ मिलकर गुरुवार को विधानसभा पहुंचकर राज्यसभा के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किए हैं। इस बदलाव के बीच मुख्यमंत्री के पैतृक गांव कल्याण विगहा में उनके पुत्र निशांत कुमार को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री के पैतृक गांव कल्याण बीघा के लोगों का स्पष्ट मानना है कि नीतीश कुमार के बाद पार्टी और प्रदेश को संभालने के लिए निशांत कुमार ही सबसे उपयुक्त विकल्प हैं। स्थानीय निवासी जदयू कार्यकर्ता इंजीनियर रवि शंकर कुमार, संतोष कुमार सिंह, अवधेश सिंह,रणजीत सिंह, एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार ने शाम 5रू00 बजे बताया कि नीतीश कुमार राज्यसभा जाते ही और निशांत कुमार को कमान सौंपी जाती है, तभी बिहार का विकास सुरक्षित रहेगा। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि किसी अन्य को सत्ता सौंपी गई, तो बिहार की व्यवस्था बर्बाद हो सकती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह लालू प्रसाद यादव ने राबड़ी देवी को कमान सौंपी थी, वैसी ही स्थिति से बचने के लिए एक सक्षम उत्तराधिकारी की आवश्यकता है। पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, निशांत कुमार को राजनीति में लाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। कल्याण विगहा गांव की रहने वाले कक्कू सिंह ने बताया कि निशांत कुमार न केवल उच्च शिक्षित हैं, बल्कि बेहद सौम्य और शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं। ग्रामीणों का मानना है कि निशांत कुमार अपने पिता नीतीश कुमार के पदचिन्हों पर चलते हुए बिहार को आगे ले जा सकते हैं। पार्टी के भीतर भी यह आम सहमति बनती दिख रही है कि युवा नेतृत्व के रूप में निशांत ही संगठन को एकजुट रख सकते हैं और उनके राजनीति में आने से युवाओं में नया जोश भरेगा। राजनीतिक हलकों में चल रही इन चर्चाओं के बीच भाजपा के रुख पर भी सबकी निगाहें टिकी हैं। हालांकि, कल्याण विगहा के लोगों का तर्क है कि जनादेश उनके पास है और पार्टी का निर्णय सर्वोपरि होना चाहिए। ग्रामीणों का दावा है कि मुख्यमंत्री ने भी इन भावनाओं को देखते हुए कमान निशांत के हाथ में देने का मन बना लिया है। बता दें कि निशांत कुमार ने हाल ही में होली के बाद सक्रिय राजनीति में कदम रखने और पार्टी ज्वाइन करने के संकेत दिए थे। अब उनके सीधे मुख्यमंत्री पद की मांग ने बिहार की राजनीति के भविष्य को लेकर नई बहस छेड़ दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा में नामांकन का पर्चा दाखिल करने के बाद जदयू के कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी दिखा जा रहा है। मुख्यमंत्री के पैतृक गांव नालंदा के हरनौत स्थित कल्याण बीघा में ग्रामीण लोग काफी नाराज हैं। वही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की नई सरकार को सपोर्ट करने की बात कहीं है

# इसलामपुर में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व, कई स्थानों पर होली मिलन समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट**
**इसलामपुर, नालंदा।** रंगों का पर्व होली इसलामपुर नगर समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर और आसपास के गांवों में कई स्थानों पर होली मिलन समारोह, मटका फोड़ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। प्रखंड क्षेत्र के सेरथुआ खुर्द गांव में भाजपा नेता सुविधानंद साहू के आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला जदयू सचिव सह व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साहू, समाजवादी नेता राधेलाल गुप्ता तथा भाजपा प्रवक्ता कार्यश प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगों ने ग्रामीणों के साथ सामूहिक रूप से होली खेली और एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। वहीं पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन ने अपने पैतृक गांव सकरी पंचायत के नवाबगंज में परिवार और समर्थकों के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें होली और चौतार गीतों पर ग्रामीण जमकर झूमे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पारंपरिक और स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक की पत्नी मंजू रौशन, उनके पुत्र–पुत्री, परिजन तथा राजद के नगर अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, मुनेश्वर यादव, अमरजीत राय, नीतीश राणा, शैलेश यादव, रामानन्द पासवान, अरविन्द यादव सहित सैकड़ों महिला–पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे। इधर स्थानीय मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंडप में केशरवानी वैश्य सभा की ओर से भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान साउंड सिस्टम पर होली गीतों की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया और एक–दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।इसके अलावा नगर के केबी चौक के समीप भाजपा नेता महेन्द्र सिंह यादव और यूथ क्लब के सौजन्य से भी होली के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चौतार गीतों का लोगों ने भरपूर आनंद लिया और एक–दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी। पर्व के अवसर पर गुरुवार को मुर्गियाचक मोहल्ला से उत्साही युवकों द्वारा पूरे नगर में सामूहिक झूमटा जुलूस निकाला गया, जिसने नगरवासियों का उत्साह और बढ़ा दिया। इससे पूर्व बुधवार की अहले सुबह नगर समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में होलिका दहन के साथ होली पर्व की शुरुआत हो गई थी। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सभी चौक–चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ–साथ मोबाइल पेट्रोलिंग भी लगातार जारी रही।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नालंदा में खेलों का महाकुंभ

## 8 मार्च को नूरसराय में जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, नालंदा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 08 मार्च 2026 को जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता मेरा युवा भारत, नालंदा एवं Sports Authority of India के खेलो इंडिया कार्यक्रम (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन Nalanda College of Horticulture, नूरसराय परिसर में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में बालिकाओं और महिलाओं के लिए अलग–अलग आयु वर्ग निर्धारित किए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागियों को भाग लेने का अवसर मिल सके। प्रतियोगिता को तीन आयु वर्गों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 13 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालिका), 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग (बालिका) तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (महिला) शामिल हैं।प्रत्येक आयु वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ–साथ रस्साकशी जैसी खेल प्रतिस्पर्धाओं का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण–पत्र देकर सम्मा. नित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक प्रतिभागी MY Bharat पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकती हैं। इसके अलावा इच्छुक प्रतिभागी 07 मार्च 2026 तक मेरा युवा भारत कार्यालय में जाकर भी अपना पंजीकरण करा सकती हैं। आयोजकों ने जिले की अधिक से अधिक बालिक. ाओं और महिलाओं से इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को खेल भावना और उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।






# एकंगरसराय पुलिस की तत्परता से टली बड़ी वारदात अवैध हथियार के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**केशववाणी । प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट,** एकंगरसराय (नालंदा)। थाना क्षेत्र में पुलिस की तत्परता से एक बड़ी आपराधिक घटना टल गई। पूर्व के विवाद को लेकर कुछ बाहरी बदमाशों द्वारा फायरिंग किए जाने की सूचना पर एकंगरसराय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध हथियार, कारतूस, मा. बाइल फोन के साथ–साथ एक स्कॉर्पियो और एक पिकअप वाहन भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 4 मार्च 2026 की रात करीब 9रू45 बजे अमनारखास पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विद्यानंद प्रसाद ने एकंगरसराय थानाध्यक्ष को सूचना दी कि पूर्व के विवाद को लेकर कुछ बाहरी लोग उनके घर के पास पह. ुंचकर फायरिंग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल गश्ती दल और अन्य पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा। पुलिस टीम के पहुंचते ही कार. वाई करते हुए घटना को अंजाम देने आए दो आरोपियों को अवैध आग्नेयास्त्र और कारतूस के साथ मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिनानाथ यादव (43 वर्ष) और चंदन यादव (33 वर्ष) के रूप में हुई है।

दोनों पटना जिले के सालिमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीपुर गांव के निवासी बताए जाते हैं। पुलिस पूछताछ और आरोपियों की स्वीकारोक्ति के आधार पर इस मामले में शामिल दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। इनमें संतोष कुमार (38 वर्ष), पिता योगेंद्र प्रसाद, निवासी भदरूडीह, थाना नगरनौसा (नालंदा) तथा अजीत कुमार (19 वर्ष), पिता सुरेश राम, निवासी सैरापर, थाना चंडी (नालंदा) शामिल हैं। इन दोनों को एक स्कॉर्पियो और एक पिकअप वाहन के साथ पकड़ा गया।



पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एकंगरसराय थाना कांड संख्या 47/26, दिनांक 04.03.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 190(3), 109(1), 61(2) तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1–इ)।, 26, 27 और 35 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तारी की कार्रवाई की है। जांच के दौरान यह भी पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी दिनानाथ यादव के खिलाफ पहले से ही हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। वहीं अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने मौके से जो सामान बरामद किया है, उसमें एक लोडेड देशी कट्टा, 12 बोर का 315 बोर जिंदा कारतूस, चार मोबाइल फोन, एक स्कॉर्पियो वाहन और एक पिकअप वाहन शामिल हैं। इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक अमरेंद्र कुमार (एकंगरसराय अंचल), पु०अ०नि० सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा, पु०अ०नि० बजेश कुमार चौधरी, पु०अ०नि० मोहन पासवान तथा एकंगरसराय थाना के रिजर्व गार्ड एवं चालक की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में संभावित बड़ी वारदात टल गई, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# पूर्व मुखिया हरिहर ठाकुर की पत्नी गुलाब देवी को श्रद्धांजलि परिवार और ग्रामीणों ने नम आंखों से किया याद

**केशववाणी । शंकर कुमार की रिपोर्ट,** बिहारशरीफ (नालंदा)। तुंगी पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय हरिहर ठाकुर की पत्नी एवं समा. जसेवी गुलाब देवी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों, ग्रामीणों और परिजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उदय कुमार सिंह, संजीव सिंह, सतेंद्र सिंह, चंद्रिका सिंह, कुंज बिहारी, कुंजेश, गणेश सिंह, जमींदार सिंह, शरण कुमार, मुन्ना सिंह, अनुज सिंह और इंद्रजीत सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने गुलाब देवी के सामाजिक कार्यों और उनके सरल स्वभाव को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ब्रह्मभोज के दौरान गुलाब देवी के तृतीय पुत्र अविनाश कुमार उर्फ जोगी ठाकुर तथा पंचम पुत्र अजय कुमार ने उपस्थित लोगों का आदर–सत्कार करते हुए आभार प्रकट किया। अजय कुमार ने कहा कि उनकी माता एक पुण्यात्मा महिला थीं और उनके आशीर्वाद व पुण्य प्रताप से ही परिवार के सभी सदस्य आज सफलता के शिखर पर हैं। उन्होंने बताया कि होली के दिन भी हजारों की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे और श्रद्धा भाव से भोजन किया। इस अवसर पर परिवार के पौत्र विवेक, अभिषेक, सोनू, गोलू, नाती अंकित, तथा पौत्र आयुष और पीयूष सहित अन्य सदस्यों ने भी गुलाब देवी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



बताया जाता है कि 86 वर्षीय गुलाब देवी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई महिला थीं। वह अपने पति पूर्व मुखिया हरिहर ठाकुर की तरह हमेशा लोगों के सुख–दुख में सहभागी बनती थीं और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहती थीं। उनका परिवार क्षेत्र में एक संयुक्त और सम्मा. नित परिवार के रूप में जाना जाता है। ब्रह्मभोज कार्यक्रम में परिवार के सदस्य प्रभु ठाकुर, श्रीचंद ठाकुर, सुरेश ठाकुर, प्रेमचंद ठाकुर और ज्ञानचंद ठाकुर सहित कई परिजन मौजूद रहे। वहीं पौत्रों में इंजीनियर विवेक कुमार, अभिषेक कुमार, कस्टम ऑफिसर डॉ. निशांत कुमार, सोनू कुमार, बिपिन कुमार (एमए, बीएड, लाइब्रेरियन), गांव के लोकप्रिय फर्स्ट एड डॉक्टर अविनाश कुमार उर्फ जोगी ठाकुर, अधिवक्ता सुनील कुमार, बीपीएससी शिक्षक अजय कुमार, अनंत कुमार, पत्रकार डायमंड, पीयूष, आयुष तथा एकमात्र प्रपौत्र लड्डू भी उपस्थित थे। इसके अलावा पीएमसीएच के ओटी इंचार्ज विश्वमोहन कुमार, लखीसराय बीएड कॉलेज के डायरेक्टर राज. कुमार, गुड एंड द ग्रेट के डायरेक्टर मुरारी जी तथा शिवप्रकाश सहित अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने गुलाब देवी के व्यक्तित्व, उनके सामाजिक योगदान और सेवा भावना को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# मादक पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार
## छापेमारी में गांजा, चिलम व नकदी बरामद

गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, नगरनौसा (नालंदा)। नगरनौसा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बड़ीहा और कुड़वापर गांव में छापेमारी कर मादक पदार्थ (गांजा) की बिक्री करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से गांजा, चिलम, नगद राशि और अन्य सामग्री भी बरामद की है। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली थी कि बड़ीहा और कुड़वापर गांव में कुछ लोग अपनी–अपनी गुमटी में गांजा बेच रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने दोनों स्थानों पर बारी–बारी से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कुड़वापर गांव निवासी पिंटू कुमार के पास से 260 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ, 25 चिलम, 32 पीस अल्ट्रा थिन पेपर (नेचुरल अरबिक गम), 20 गांजा पीने वाला शूटर, एक मोबाइल फोन तथा 9555 रुपये नकद बरामद किए गए।

वहीं बड़ीहा गांव निवासी वनजीत कुमार के पास से 130 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ, 45 पीस क्लासिक गोगो, एक मोबाइल फोन तथा 5000 रुपये नकद बरामद किए गए।पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

इस छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुअनि संदीप कुमार सिंह, पुअनि दीपनारायण यादव, सअनि विमल कुमार तिवारी, सअनि सिकंदर कुमार, सअनि राकेश कुमार, सअनि धर्मेंद्र कुमार, पीटीसी आदर्श कुमार, विजय कुमार शर्मा, सिपाही विकास कुमार, दिनेश कुमार और नीतीश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

नव वर्ष एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 1 दिसम्बर 2025 से
प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को स्त्री रोग से संबंधित OPD मुफ्त (फ्री)
श्री श्याम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ० सानू रंजन
M.B.B.S., PMCH (PATNA)
PGCC (Clinical Diabetes)
Resident Medicine, BMIMS, Pawapuri
जेनरल फिजिशियन एवं चीनी रोग विशेषज्ञ

डॉ० रामप्रवेश सिंह
M.B.B.S. (RU)
DPM Psych. (RINPAS, Kanke, Ranchi)
Ex. Resident (RINPAS, Kanke, Ranchi)
Ex. Head of Department of Psychiatry (JNKTMCH, Madhepura)
SMO Psychiatry (BMIMS Pawapuri)
नस एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ

डॉ० ध्रुव कुमार
M.B.B.S., DNB, ORTHO, MNAMS
Ex-Sr. BMIMS, Pawapuri (Nalanda)
Ex-Consultant Asian City Hospital (Patna)
Ex-Consultant ARSH Super Speciality Hospital (Gaya)
Ex-Sr. ANMCH (Gaya)
नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ० अभिषेक कु० आर्य
BSc. Hons MU (Gaya)
CMS&ED, AGAMCH (Darbhanga)
DMRT, PMCH (Patna)
MD (AM) Rajsthan
स्त्री एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ

डॉ० शमा प्रवीण
M.B.B.S., M.S. (GYN)
PMCH (Pat.)
स्त्री एवं प्रसव रोग विशेषज्ञ

डॉ० मो० शकील
M.B.B.S. (Muz.)
MD., PMCH (Pat.)
जेनरल फिजिशियन

डॉ० अजय कुमार
M.B.B.S. (Pat.)
M.S. Surgery (Pat.)
जेनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ० अभिनव कुमार
M.B.B.S., MS (ENT & Head Neck)
Surgery, PMCH (Patna)
Senior Resident BMIMS, Pawapuri

विशेष सुविधाएँ :
24 Hours Emergency, OPD, IPD, ICU, ECG, HDU
X-Ray, Ultrasound, B.P., Sugar, Pathology, Burn Injury
Posioning, ECHO, Painless Delivery, Surgery, Ventilator etc.
बच्चेदानी में सभी प्रकार के कैंसर का इलाज किया जाता है। सफेद धाध (लिकोरिया) मासिक में गड़बड़ी इत्यादि का सफल इलाज किया जाता है।
प्रत्येक दिन बी.पी. एवं शुगर का मुफ्त जाँच की सुविधा उपलब्ध

• आँत में छेद।
• हर्निया, अपेंडिक्स, पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन।
• बच्चेदानी का ऑपरेशन।
• पेशाब की नली की पथरी का इलाज।
• सिजेरियन एवं नॉर्मल डिलेवरी की सुविधा।
• लकवा, ट्रॉमा सर्जरी, एक्सीडेंटल।
• घुटना प्रत्यारोपण एवं कुल्हा प्रत्यारोपण।
• हड्डियों के सभी प्रकार के इलाज।
• जले हुए मरीजों के इलाज की सुविधा।
• साँप, बिच्छू एवं जहर खाये हुए मरीजों के इलाज की विशेष सुविधा।

• आपातकालीन चिकित्सा ।
• जेनरल मेडिसीन ।
• जेनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी।
• श्वांस एवं फेफड़ा रोग ।
• किडनी रोग ।
• हृदय रोग ।
• मस्तिष्क रोग ।
• स्त्री एवं प्रसव रोग ।
• पेट एवं आँत रोग ।
• आँख, नाक, कान, गला रोग ।
• मानसिक एवं नस रोग ।
• हड्डी एवं नस रोग ।
• 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध ।

* यहाँ पल्स ऑक्सीमीटर, मोनिटर, ऑक्सीजन नेबुलाईजर इत्यादि की सुविधा उपलब्ध ।
* लकवा, मिर्गी, ब्रेन हैमरेज, चक्कर आना ।
* याददाश्त में कमी, शरीर में कंपन ।
* पैरों में कमजोरी, हाथ-पैर में जलन ।
* सरदर्द, गर्दन दर्द, पीठ एवं कमर दर्द ।
* रीढ़ की हड्डी की समस्या ।
* उठने-बैठने चलने में परेशानी ।
* स्त्रीयों में स्तन गाँठ, बच्चेदानी की गाँठ बच्चेदानी में (फाइबरड) दवा के द्वारा ठीक किया जाता है।

काँके (राँची) के अनुभवी मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा नशा संबंधित रोगों का इलाज किया जाता है।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे- शराब, गांजा, अफीम, चरस, बी.एस., बॉनफिक्स इत्यादि के सफल इलाज हेतु सम्पर्क करें।
पता–न्यू पुष्पा प्रिंटिंग प्रेस के प्रांगण में
मछली मार्केट से उत्तर, नाला रोड, शिवपुरी, बिहारशरीफ (नालन्दा)
Mob.: 9934720120 (Clinic), 9835071320, 9308084121(Shashi)

हरि ॐ बाबा
ॐ
मो0-9162439318
माँ भगवती ज्योतिष केन्द्र एवं
तंत्र, मंत्र, यंत्र संस्थान
हस्तरेखा, कुण्डली, रत्नपरामर्श, ग्रह शांती
उपाय वास्तु परामर्श हेतु सम्पर्क करें
मिलने का समय - सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे
नोट- यहाँ कुत्ता, सांप, बिच्छ, बिछौती, जौंडिस, छुतहा भी झाड़ा जाता है।
स्थान- श्री सती स्थान गोलापर, मथुरिया महल्ला, बिहार शरीफ (नालन्दा)



# हरनौत प्रखंड में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ होली पर्व, बच्चों और युवाओं में दिखा गजब का उत्साह

**केशववाणी । राकेश कुमार की रिपोर्ट,** हरनौत (नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र में रंगों का पर्व होली इस वर्ष पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। गांव की गलियों से लेकर बाजारों और चौक–चौराहों तक रंगों की बौछार देखने को मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में उल्लास और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

प्रखंड के हरनौत बाजार, चेरो बाजार, बोधनगर बाजार सहित विभिन्न गांवों और मोहल्लों में लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बच्चों की टोलियां हाथों में पिचकारी और रंग लेकर दिनभर एक–दूसरे को रंगने में व्यस्त नजर आईं। वहीं युवाओं ने भी गली–गली घूमकर पूरे उत्साह के साथ होली का आनंद लिया। पारंपरिक होली गीतों जैसे "जोगीरा सा रा रा रा" और "बुरा ना मानो होली है" की धुनों के बीच लोगों ने रंग–गुलाल लगाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। कई स्थानों पर लोगों ने होलिका दहन स्थल की पवित्र मिट्टी का तिलक लगाकर भी होली पर्व मनाया। ढोल–नगाड़ों की थाप और घरों के बाहर लगे छोटे–छोटे म्यूजिक सिस्टम पर बजते होली गीतों पर लोग झूमते नजर आए। इस पावन अवसर पर लोगों ने आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया।



कुल मिलाकर पूरे हरनौत प्रखंड क्षेत्र में होली का पर्व शांति, उल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाई। इस संबंध में हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने गुरुवार शाम करीब चार बजे बताया कि थाना क्षेत्र में होली का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ है और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। प्रशासन की सतर्कता और आम लोगों के सहयोग से पूरे क्षेत्र में त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

# छिटपुट घटनाओं के बीच इस्लामपुर में शांतिपूर्ण रहा होली पर्व, खेत से महिला का शव बरामद, सड़क हादसे में दो युवक घायल

**केशववाणी । अमर वर्मा की रिपोर्ट,** इसलामपुर (नालंदा)। इसलामपुर प्रखंड में होली पर्व छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इस दौरान क्षेत्र में कुछ आपरा. धिक और दुर्घटना की घटनाएं भी सामने आईं, जिनकी जांच में पुलिस जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इसलामपुर थाना क्षेत्र के मणीचक गांव के उत्तर दिशा में स्थित गेहूं के खेत से पुलिस ने एक 26 वर्षीय विवाहित महिला का शव बरामद किया। मृतका की पहचान मणीचक गांव निवासी बृजेश कुमार की पत्नी विमला देवी के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतका के मायके पक्ष, जो पटना जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के निवासी बताए जाते हैं, ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में ससुराल वालों के खिलाफ इसलामपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं दूसरी ओर इसलामपुर थाना क्षेत्र के रामा बिगहा गांव में 45 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई।

मृतक की पहचान रामा बिगहा गांव निवासी स्वर्गीय नारायण महतो के पुत्र किशोरी प्रसाद के रूप में की गई है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि घटना सत्य है, लेकिन पुलिस ने इस घटना से साफ इनकार किया है। बताया जाता है कि मृतक के परिजनों द्वारा अब तक थाना में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है और न ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। इधर बुधवार देर संध्या स्थानीय नगर के पटना रोड स्थित काली स्थान के समीप एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान इसलामपुर थाना क्षेत्र के जोलहबिगहा गांव निवासी विजय यादव के पुत्र नीतीश कुमार तथा महेन्द्र यादव के पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नीतीश कुमार की हालत चिंताजनक होने पर बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस सभी मामलों की जांच में जुटी हुई है।




# उत्सवी माहौल में मनायी गयी होली होली के दूसरे दिन भी अलसाये रहे लोग

**केशववाणी । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर । राजीव लोचन की रिपोर्ट** राजगीर(नालंदा)। रंगों का त्योहार होली अनुमंडल क्षेत्र में उत्सवी माहौल में धूमधाम से मनायी गयी। शहर से लेकर गांव में लोग एक दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर होली की खुशियां बांटी। गांव की गलियों व दरवाजे पर जहां लोग होली की गीत पर थिरकते रहे वहीं शहर में भी सड़कों पर भी लोग खूब थिरके। बुधवार की सुबह से ही लोगों में होली की खुमारी छाने लगी थी।

लोगों का कीचड़ व मिट्टी से खेलने का सिलसिला शुरू हो गया। गांव से लेकर शहर तक में लोग खूब मिट्टी से खेले। दोपहर बाद लोग एक–दूसरे को रंग–अबीर लगाते देखे गये। खासकर नन्हें बच्चों ने तो रंगों के साथ खूब अठखेलियां की। रंगों में सबसे अधिक छोटे बच्चे रंगे दिखे। वे गांव के बड़े से लेकर नौजवानों को अपनी पिचकारी की फुहार से भिगोते रहे। वहीं नौजवानों ने अपने दोस्तों व गांव के अन्य लोगों के साथ मीठे पकवान खाकर होली का लुफ्त उठाया।



नौजवानों ने भी रंगों के इस त्योहार का जमकर आनंद लिया। होली की खुमारी का असर लोगों पर गुरुवार को भी देखने को मिला। सड़कों पर दोपहर तक सन्नाटा सा पसरा रहा। लोग अलसाये रहे। गुरुवार को जगह–जगह पर मटका होली का आयोजन भी किया गया। बाजारों में आधी दुकानें बंद रही।

# 10 मार्च को मनेगा नौलखा मंदिर का ध्वजारोहण पर्व, जुटेंगे सैंकड़ों जैन श्रद्धालु

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर । राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** श्रीजैन श्वेताम्बर भंडार तीर्थ स्थित नौलखा मंदिर का वार्षिक पूजा सह ध्वजारोहण पर्व 10 मार्च को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसमें विभिन्न जगहों से आये हुए सैंकड़ों जैन श्रद्धालु भाग लेंगे। ध्वजारोहण से पहले शोभायात्रा निकाली जायेगी। उसके बाद सत्रहभेदी पूजा होगी। जैन श्वेताम्बर भंडार तीर्थ के सहायक प्रबंधक ज्ञानेन्द्र पांडेय व कैशियर संजीव कुमार जैन ने बताया कि 20वें तीर्थंकर भगवान मुनि सुब्रत स्वामी जी की मूर्त्ति की स्थापना चौत वदि शातम वर्ष 1961 में हुई थी। उस दिन से हर साल यहां पर विशेष पूजा की जाती है। मंदिर जी की ध्वजा का लाभ कोलकता के रामपुरिया परिवार द्वारा लिया जाता रहा है। इस बार भी रामपुरिया परिवार के द्वारा ही आयोजित होगी।



कार्यक्रम के दौरान कमेटी के अध्यक्ष शशिकांत नवलखा, सचिव रंजन कुमार जैन सहित अन्य लोग शामिल होंगे।

# युवकपर धारदार हथियार से हमला, गंभीर रूप से हुआ घायल, बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर

**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** थाना क्षेत्र के बेलौवा गांव में होली के दिन बुधवार की शाम को एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या करने का प्रयास किया गया। गंभीर रूप से घायल युवक सही कुमार को आनन–फानन में अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया। घायल के भाई रवि कुमार ने जागो चौधरी के पुत्र लक्ष्मण चौधरी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करायी है। रवि ने बताया कि उनके बड़े भाई सही कुमार किसी काम से खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान लक्ष्मण चौधरी ने पीछे से आकर उनके गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें उनके बड़े भाई की गर्दन काफी गहराई तक कट गई है।घटना के बाद गांव में दहशत और सनसनी का माहौल है। परिजनों के अनुसार आरोपी के साथ पहले कभी किसी प्रकार का विवाद भी नहीं रहा था, ऐसे में इस तरह की घटना को अंजाम देने का कारण समझ से परे है। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में नामजद आरोपी लक्ष्मण चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

